UPBL050016582024

न्यायालय सिविल जज (सी० डि०) बलिया

**पीठासीन अधिकारी– (सुश्री गार्गी शर्मा), (उ०प्र० न्यायिक सेवा )–UP02259**

**मूल वाद सं0 –733/2024**

रोहित कुमार यादव उम्र 50 वर्ष पुत्र स्व 0 सीताराम यादव, सा0–पो0–रामनगर, तहसील–बैरिया, परगना–द्वाबा, जिला–बलिया । **––वादी**

**बनाम**

रामचन्दर यादव उम्र 62 वर्ष पुत्र सीताराम यादव, सा0–पो0 रामनगर, तहसील बैरिया, परगना–द्वाबा, जिला–बलिया । **–– प्रतिवादी**

**दिनाँक–14.03.2026**

**निस्तारण सुलहनामा का0 सं0 12 क 1**

पत्रावली आदेशार्थ राष्ट्रीय लोक अदालत में पेश हुई। पुकार पर उभयपक्ष विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित, सुलहनामा 12 क 1 पर सुना गया।

उभयपक्ष की ओर से सुलहनामा कागज सं0 12 क 1 दाखिल किया गया। सुलहनामा प्रस्तुत कर यह कथन किया है कि उभयपक्ष के मध्य सुलह हो गयी है । सुलहनामा के आधार पर उक्त वाद निस्तारित करने की याचना की है । सुलहनामा पर वादी की शिनाख्त उसके विद्वान अधिवक्ता एवं प्रतिवादी की शिनाख्त उनके विद्वान अधिवक्ता द्वारा की गयी तथा कागज सं0 12 क 1 को न्याायलय द्वारा दिनांक 23.02.2026 को तस्दीक किया गया। उभयपक्ष द्वारा कहा गया कि यह सुलहनामा स्वतंत्र इच्छा से बिना किसी दबाव के उक्त सुलहनामा 12 क 1 दाखिल किया गया है। सुलहनामा 12 क 1 के तथ्य विधि सम्मत प्रतीत होते है। अतः सुलहनामा 12 क 1 के अधार पर प्रस्तुत वाद निर्णीत किये जाने योग्य है।

**आदेश**

वाद संधि पत्र कागज संख्या 12 क 1 में उल्लिखित वाद पत्र में वर्णित अनुतोष से सम्बन्धित शर्तों के अधीन निस्तारित किया जाता है। संधि पत्र कागज संख्या 12 क 1 डिक्री का भाग होगा। यह निर्णय सुलहनामा के पक्षकारों पर ही बाध्यकारी होगा। संधि पत्र उपरोक्त तथा उसके आधार पर पारित निर्णय का प्रभाव किसी ग्राम सभा की सम्पत्ति या सरकारी सम्पत्ति पर नहीं होगा और न ही किसी सक्षम प्राधिकारी अथवा न्यायालय द्वारा पारित आदेश पर इसका प्रतिकूल प्रभाव होगा। पक्षकारों द्वारा विधिक रूप से संधि पत्र कागज संख्या 12 क 1 में किसी भी स्वत्व अंतरण की दशा में मा० सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित विधि व्यवस्था **भूमि सिंह बनाम राम सिंह मेजर ए०आई०आर० 1996 पेज 196 के अनुसार स्टाम्प अधिनियम 1899, अनुसूची (1)(ख)** के अंतर्गत स्टाम्प शुल्क अदा करने के उपरान्त ही प्रभावी होगा। पत्रावली आवश्यक कार्यवाही पश्चात् दाखिल अभिलेखागार हो।

(गार्गी शर्मा)
सिविल जज (सी0 डि0)
बलिया
UP02259

Steno– Shitendra Kr. Gupta

Digitally signed by GARGI SHARMA
Date: 2026.03.14 15:11:19 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court